कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री रामकिशन पुत्र श्री रामजीलाल प्रजापत निवासी बावड़ीखेडा पोस्ट हिंगोटा तहसील मण्डावर जिला दौसा राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा

अपील संख्या 87 / 2021

निर्णय दिनांक 24.11.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना / नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना / नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल / सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्र कमांक:डीएम कोर्ट / 2021 / 263 दिनांक 08.11.2021 के द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा द्वारा पत्र कमांक:विविध / आरटीआई / 2021 / 47 दिनांक 17.11.2021 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। जिसके द्वारा अवगत कराया है कि आवेदक को चाही गई सूचना पत्र कमांक:239 दिनांक 18.10.2021 के द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। इससे स्पष्ट है कि आवेदक को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official